**WORKSHEET-HINDI**

**NAME:**

**GRADE – 10** **DATE: 07.08.2025**

## मनुष्यता कविता पर आधारित प्रश्नावली

**I. बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs):**

1. कवि के अनुसार सच्चा मनुष्य कौन होता है?
   A. जो धन कमाता है
   B. जो यात्रा करता है
   C. जो दूसरों के लिए जीना और मरना जानता है
   D. जो अकेले रहना पसंद करता है

2. उदार मनुष्यों के बारे में कवि क्या कहता है?
   A. वे केवल अपने परिवार के लिए जीते हैं
   B. उन्हें समाज भूल जाता है
   C. उनका हर जगह गुणगान होता है
   D. वे संसार से दूर रहते हैं

3. "हम सब एक ईश्वर की संतान हैं" — इस कथन का मुख्य उद्देश्य क्या है?
   A. जाति व्यवस्था को बढ़ावा देना
   B. मनुष्यों में एकता और भाईचारा स्थापित करना
   C. पूजा-पाठ को अनिवार्य बनाना
   D. समाज में प्रतियोगिता को बढ़ाना

4. कवि के अनुसार त्याग भावना का महत्व क्या है?
   A. इससे लोग भयभीत होते हैं
   B. इससे मनुष्य लोकप्रिय बनता है
   C. इससे मनुष्य को अमरत्व प्राप्त होता है
   D. इससे मनुष्य को धन प्राप्त होता है

5. "मनुष्य वही है जो दुःख में दूसरों के काम आये" — यह पंक्ति किस मूल्य को दर्शाती है?
   A. स्वतंत्रता
   B. परोपकार
   C. साहस
   D. अनुशासन

**II. लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type):**

1. मृत्यु को लेकर कवि की क्या सोच है?
2. कवि के अनुसार दया और करुणा का मनुष्य जीवन में क्या महत्व है?
3. कवि ने पुराणों में किस प्रकार के लोगों का उदाहरण दिया है?
4. कवि के अनुसार सच्चा मनुष्य समाज के लिए क्या योगदान देता है?
5. "कोई अनाथ नहीं है" — इस कथन से कवि क्या समझाना चाहता है?

**III. मूल्यपरक प्रश्न (Value-based Question):**

1. यदि कोई छात्र अपनी सुख-सुविधाओं को त्यागकर किसी ज़रूरतमंद साथी की मदद करता है, तो वह किस प्रकार की मनुष्यता का उदाहरण है? कविता के सन्दर्भ में उत्तर दीजिए।
2. कविता में वर्णित "आपसी समझ" और "भेदभाव से ऊपर उठने" की भावना आज के समाज में क्यों आवश्यक है